भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 158

07 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

आरआईएनएल द्वारा ऋणों का भुगतान

158. श्री राम मोहन नायडू किंजरापु:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2000 से राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) द्वारा लिए गए ऋणों और जारी किए गए बांडों का ब्यौरा क्या है तथा विगत तीन वर्षों के लिए इन ऋणों और बांडों की ब्याज दरें क्रमश: कितनी हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार आरआईएनएल ने अपने कुल व्यय का कितना प्रतिशत भाग ऋण चुकाने और ब्याज के भुगतान में उपयोग किया;

(ग) आरआईएनएल द्वारा खुले बाजार से खरीदे गए कोयले, लौह अयस्क की लागत कितनी है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में आरआईएनएल द्वारा वहन की गई कच्चे माल की वर्ष-वार लागत कितनी है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)

(क) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने वर्ष 2000-01 तथा 2022-23 (25.11.2022 तक) के बीच कुल 31,357.00 करोड़ रुपए का कुल ऋण लिया है और इस अवधि के दौरान ऋण के लिए 12,751.00 करोड़ रुपए की धनराशि चुकायी है। आरआईएनएल ने वर्ष 2000 से कोई बंध-पत्र जारी नहीं किया। विगत तीन वर्षों के दौरान ऋणों पर ब्याज दरों का ब्योरा निम्नानुसार है:-

ब्याज	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**
ऋणों की भारित औसत ब्याज दर	8.31%	8.13%	8.34%

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान आरआईएएल द्वारा की गई/ वहन ऋण अदायगी और कुल व्यय की प्रतिशतता के रूप में ब्याज भुगतानों का ब्योरा निम्नवत हैं:-

(रु. करोड़ में)

ब्योरा	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**
कुल ऋण अदायगी	2285.00	2356.00	2895.00

ब्योरा	2019-20	2020-21	2021-22
कुल व्यय की प्रतिशतता के रुप में ब्याज भुगतान	7.39%	7.80%	5.53%

(ग) आरआईएनएल द्वारा खुले बाजार से क्रय किए गए कोयले, लौह अयस्क की लागत नीचे दी गई है:-

(रु. करोड़ में)

ब्योरा	2019-20	2020-21	2021-22
कोयले की लागत	6521.30*	4163.70	9051.13
लौह अयस्क की लागत	3867.84	4090.62	7213.17

*इसमें 612.62 करोड़ रुपये के कोक और कोक ब्रीज की लागत शामिल है।

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान कुल व्यय की प्रतिशतता के रूप में आरआईएनएल द्वारा वहन की गई कच्चे माल की लागत निम्नवत हैं:

ब्योरा	2019-20	2020-21	2021-22
कुल व्यय की प्रतिशतता के रुप में कच्चे माल की लागत	57.23%	47.08%	63.76%

*****